# <u>प्रेस नोट दिनांक 06.06.2025</u>
# <u>थाना बारादरी जनपद-बरेली</u>

## <u>थाना बारादरी,बरेली पुलिस द्वारा फर्जी इंस्पेक्टर की वर्दी पहनकर झांसा देकर शादी करना एवं शादी के बाद अपनी पत्नी को दहेज के लिए प्रताडित करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।</u>

दिनांक 03.06.2025 को वादिनी इकरा पुत्री मो0 सरताज निवासी कस्बा व थाना हाफिजगंज जनपद बरेली द्वारा थाना बारादरी पर एक प्रा0 पत्र दिया कि शहजाद पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी कस्बा व थाना हाफिजगंज बरेली द्वारा अपने को पुलिस इंस्पेक्टर बनकर धोखा देकर मेरे साथ दिसम्बर 2024 में शादी की गई तथा शहजाद व उसकी मां द्वारा दहेज के लिए तरह-तरह से प्रताड़ित किया जाने लगा। नौकरी पर नहीं जाने तथा दिन भर कस्बे की दुकान पर घूमते रहने पर शक हुआ तो गोपनीय तरीके से पता लगाने पर इसके फर्जी होने का शक हुआ तथा बताया गया कि
कि इस समय शहजाद उपरोक्त 300 बेड अस्पताल बरेली में दवा लेने के लिए गया हुआ है। प्राप्त प्रार्थना पत्र तथा वादिनी द्वारा आरोपी की बतायी गयी लोकेशन के आधार पर मु0अ0सं0- 566/2025 धारा 85 BNS व 3/4 DP act बनाम शहजाद अहमद व शहनाज पंजीकृत कर पूछताछ हेतु आरोपी शहजाद को 300 बेड अस्पताल में तलाश किया गया तो वहां पर एडमिट होकर इलाज करता हुआ पाया गया। आरोपी के विरूद्ध साक्ष्य संकलन की कार्यवाही एवं इन्टरनेट सोशल मीडिया पर उपलब्ध फोटोग्राफ एवं वीडियोज आदि के आधार पर आरोप सही पाये जाने पर एवं आरोपी की तबियत में सुधार होने पर पुलिस अभिरक्षा में लेकर धारण की गयी वर्दी, कैप, आईडी कार्ड, स्टार , लोगो , बेल्ट , फर्जी आधार कार्ड व फर्जी आईडी कार्ड आदि बरामद किया गया एवं अभियोग में फर्जी आधार कार्ड ,आईडी कार्ड एवं सीजीएल लिस्ट में एडिटिंग करने का अपराध का साक्ष्य पाये जाने पर गिरफ्तार उपरोक्त अभियोग में धारा 318(4)/338/336(3)/205 BNS की बढ़ोत्तरी कर मा0 न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत कर जिला कारागार मे दाखिल कराया गया।

### <u>गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

अभियुक्त शहजाद अहमद पुत्र मुस्ताक अहमद नि0- कस्बा व थाना हाफिजगंज बरेली उम्र 23 वर्ष

**बरामदगीः-**

1.02 वर्दी खाकी कलर की
2. 02 फ्लैप जिसमें सफेद/पीले धातु के 03-03 स्टार
3.01 सीटी डोरी खाकी कलर की बिना सीटी की
4.02 नेम प्लेट काली जिसपर शहजाद अहमद हिन्दी व अंग्रेजी में लिखा है
5.01 बाजू लोगो पुलिस
6.02 पीली धातु के EME बैज
7.01 खाकी कलर की पी-कैप
8.01 लाल रंग की चमड़े की बेल्ट मय चपरास
9.02 आधार कार्ड नं0 560108152011 व नं0 560158962369
10.02 फर्जी आईड़ी कार्ड आईड़ी नं-18/B-1/2019 जो 02/10/2028 तक वेलिड है। जिसपर अभियुक्त का वर्दी का फोटो लगा है और असिस्टेंट कमिश्नर के अंग्रेजी में हस्ताक्षर हैं। दूसरा उत्तर प्रदेश पुलिस का आईड़ी कार्ड दिया जिस पर नाम शहजाद अहमद पद इन्सपेक्टर जन्मतिथि 17/07/1999 , वेलिडिटी 30/04/2028 तक व आईड़ी नं0 234113589

**विवरण पूछताछः-**

अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसने बरेली कालेज से बी.कॉम कामर्स से किया है। उसका घर कस्बा हाफिजगंज में स्थित है। वही गली में इकरा का परिवार भी किराये पर रहता था जिसके घर पर मेरा आना जाना था । मैं इकरा से प्रेम करने लगा था ,किन्तु इकरा के परिवार वालों को नौकरी वाले लड़के से शादी करनी थी। मैं नौकरी की तलाश में कुछ दिन मुरादाबाद में रहकर यूट्यूब से सीजीएल/उ0प्र0 पुलिस के सब इंस्पेक्टर की परीक्षा की तैयारी किया और परीक्षा भी दिया किन्तु सफल नही हुआ। सीजीएल में पास विद्यार्थियों की लिस्ट को मैं देख रहा था तो उसमें 2643 नम्बर पर एक लड़का शहजाद अंसारी पुत्र मुमताज असांरी सफल हुआ था। उक्त नाम मेरे नाम से मैच कर रहा था।फिर मैंने ऑनलाइन सीजीएल लिस्ट में एडिटिंग कर उक्त स्थान पर अपना नाम शहजाद अहमद पुत्र मुस्ताक अहमद कर दिया और फिर एक फर्जी आधार कार्ड तथा दो फर्जी आईडी कार्ड जिसमें एक जीएसटी व उत्तर प्रदेश पुलिस के इंस्पेक्टर रैंक का तैयार किया एवं दो वर्दी मुरादाबाद से सिलवाई तथा वही पास में दुकान से वर्दी का पूरा सामान खरीदा तथा यूट्यूब पर पुलिस के चलने का अंदाज एवं वर्दी पहनने आदि का ढंग सीखकर अपने गांव पूरी वर्दी धारण कर गया। मुझे देखकर मोहल्ले के लोग काफी खुश हुए और जगह-जगह मेरा सम्मान हुआ कई चैनलों पर मेरा इंटरव्यू भी हुआ, जिससे मेरा मनोबल और बढ़ा और फिर मैं इंस्टाग्राम , फेसबुक पर वर्दी पहनकर कई वीडियो अपलोड किया जब मेरे इंस्पेक्टर बनने की जानकारी इकरा के परिवार वालों को हुई तो वे इकरा की शादी मुझसे करने पर राजी हो गये। मैं इकरा से भी यह बात छुपाया था किन्तु जब मैं कही नौकरी करने नहीं गया और पैसे की तंगी होने लगी तो मेरा भेद मेरे साले और मेरी पत्नी के सामने खुल गया तब अचानक मेरे सीने में दर्द रहने लगा एक दिन मेरी तबियत ज्यादा खराब हो गयी तो मुझे मेरे परिवार वालों ने मुझे 300 बेड अस्पताल में भर्ती करा दिया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-**

1.प्रभारी निरीक्षक धनंन्जय पाण्डेय थाना बारादरी बरेली।
2.व0उ0नि0 रोहित शर्मा थाना बारादरी बरेली।
3.उ0नि0 सौरभ डेढा थाना बारादरी बरेली।
4.उ0नि0 मोहित मावी थाना बारादरी बरेली।
5.उ0नि0 प्रदीप कुमार थाना बारादरी बरेली।
6.म0का0 612 पारूल गुप्ता थाना बारादरी बरेली